कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री कल्लूराम कोली पुत्र श्री हरिनारायण कोली निवासी चोबडीवाला तहसील बसवा जिला दौसा राजस्थान– 303323

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा

अपील संख्या 103/2025

निर्णय दिनांक 16.10.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बसवा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2025/ 2491 दिनांक 17.9.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। किन्तु लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बसवा की ओर से कोई जवाब/टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। हमने अपील मीमो का अवलोकन किया गया जिसमें अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना विश्लेषणात्मक प्रकृति की है एवं स्पष्ट नहीं है। जिनका सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत सूचना देय नहीं है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.11.04 16:46:08 IST
Reason: SelfAttested